# दुष्कर्म के आरोपी सलमान का पुतला फूंका, लोग बोले- एनकाउंटर करो

## गौहरगंज क्षेत्र में छह साल की मासूम से दुष्कर्म से लोगों में आक्रोश, बेगमगंज सहित कई जगहों पर प्रदर्शन



**बेगमगंज, 25 नवंबर. गौहरगंज क्षेत्र की 6 वर्षीय मासूम के दुष्कर्मी की अभी तक गिरफ्तारी नहीं होने पर बेगमगंज बस स्टैंड पर अ.भा. विद्यार्थी परिषद के बैनर तले सैकड़ो आक्रोशित विद्यार्थियों एवं लोगों ने प्रदर्शन करके पुतला जलाया. आंदोलनकारियों की मांग है कि आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और उसका एनकाउंटर किया जाए, ताकि पीड़ित मासूम को इंसाफ मिल सके.**

> अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन कर दुष्कर्म के आरोपी सलमान का पुतला जलाया गया. इस दौरान जाम जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी और बस स्टैंड चौराहे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी. आक्रोशित विद्यार्थियों की ज्ञापन में मांग रही है कि आरोपी सलमान की गिरफ्तारी जल्दी करके उसका एनकाउंटर किया जाए, कोर्ट कचहरी के चक्कर में कभी - कभी आरोपी बच निकलते हैं जिससे ऐसे दुष्कर्मियों के हौसले बुलन्द होते हैं और वे मासूमों को अपनी हवस का शिकार बनाते हैं. भविष्य में कोई भी ऐसा दु:साहस ना कर सके, इसलिए उसका एनकाउंटर जरूरी है और सहयोग कर उसको पनाह देने वालों पर भी कठोर कार्रवाई की जाए.

### उदयपुरा नगर बंद रहा
## आरोपी को फांसी देने की मांग



**उदयपुरा, 25 नवंबर.** गौहरगंज क्षेत्र में 6 वर्षीय मासूम से हुई जघन्य वारदात को लेकर उदयपुरा नगर में गहरा आक्रोश व्याप्त है. इसी घटना को लेकर मंगलवार को सकल हिंदू समाज के नेतृत्व में नगर बंद के अलावा व्यापार महासंघ, हिंदू उत्सव समिति, बजरंग दल एवं मुस्लिम त्यौहार कमेटी आदि संगठनों ने संयुक्त रूप से गांधी चबूतरे से रैली निकाली, जिसमें रैली के आगे स्कूली छात्राएं हाथों में तख्ती रखे हुए दुष्कर्म सलमान को फांसी दो के नारे लगाते हुए चल रही थीं. रैली किराना मार्केट पुराना बस स्टैंड से थाना प्रांगण पहुंचा, जहां पर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार दिनेश बरगले एवं थाना प्रभारी जयवंत ककोड़िया को ज्ञापन देकर मांग की गई दुष्कर्म करने वाले आरोपी को सलमान उम्र 23 वर्ष को तत्काल गिरफ्तार कर फास्ट्रेक कोर्ट के माध्यम से शीघ्र फांसी की सजा दिलाई जाए. ज्ञापन देते समय व्यापार महासंघ संरक्षक शिवनारायण मालानी छोटे भैया, रघु केशव पटेल, शिबू लाल साहू, संदीप बिश्नोई, भगवान सिंह बड़कुर, राजेंद्र शंगू रघु, गिरधारी लाल जैन, लक्ष्मी नारायण सेन, जहीर कुरैशी, सगीरउद्दीन, शेख वजीर, मुईन भाई सहित सभी धर्म के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए.




## गैरतगंज में लोगों ने निकाली जनाक्रोश रैली

**गैरतगंज, 25 नवंबर. गौहरगंज थाना क्षेत्र में 6 वर्षीय मासूम के साथ हुई अमानवीय वारदात को लेकर पूरे जिले में गहरा आक्रोश व्याप्त है. मंगलवार को गैरतगंज नगर में सुबह से ही बाजार बंद रखकर नागरिकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, व्यावसायिक और विभिन्न समाज के लोगों के साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने एकत्र होकर शांतिपूर्ण विरोध रैली निकाली.**

सभी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी अमानवीय वारदातें समाज की संवेदनाओं को झकझोर देती हैं इसलिए त्वरित न्याय और कठोरतम कार्रवाई आवश्यक है. ब्लाक ग्राउंड से शुरू हुई रैली अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय तक पहुंची, जहां नागरिकों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सरोज अग्निवंशी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में मांग की गई कि आरोपी सलमान को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजाई दी जाए. साथ ही मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कर पीड़ित परिवार को हर संभव सरकारी सहायता एवं सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग भी की गई.

नागरिकों का कहना है कि मासूम बच्ची के साथ हुई बर्बरता घटना किसी भी संवेदनशील समाज में स्वीकार नहीं है. समय पर कार्रवाई और कठोर दंड ही ऐसे अपराधों पर प्रभावी रोक लगा सकते हैं.

### एक नजर में



#### 35 टीबी मरीजों को किया पोषण आहार वितरित

**बेगमगंज.** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सिविल अस्पताल में टीबी उपचार ले रहे मरीजों को फूड बास्केट के थैले वितरित किए गए. प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत उपचारार्थ 35 टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत टीवी मरीजों को गोद लेकर पोषण आहार उपलब्ध कराया जाता है. पोषण आहार के बास्केट सीबीएमओ डॉक्टर नितिन सिंह तोमर द्वारा वितरित किए गए. इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रतिमाह आर्थिक सहायता एक हजार रुपए के साथ-साथ पोषण आहार के बास्केट का भी वितरित किए जाते है संपूर्ण इलाज जांच उपचार आर्थिक सहायता एवं पोषण आहार निशुल्क मरीजों को दिया जाता है उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का संचालन ब्लॉक में बहुत ही अच्छे ढंग से किया जा रहा है.



#### जल संचय अभियान, झिरा नाला में किया बोरी बंधान

**सिलवानी.** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सिलवानी द्वारा शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को जल संचय अभियान के तहत बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत रायसेन जिला समन्वयक कल्याण सिंह राजपूत द्वारा नवअंकुर संस्थाओं एवं मेंटरों की बैठक से हुई, जिसमें जल संरक्षण की कार्ययोजना विस्तार से समझाई गई. इसके बाद टीम ने श्री कृष्ण गौशाला जमुनिया तथा सत्यार्थ फाउंडेशन द्वारा विकसित सत्यार्थ वाटिका का भ्रमण किया.

#### वन विभाग पर जबरन हटाने का आरोप

**सलामतपुर.** सांची विकासखंड के ग्राम बेसर की ग्रामीण महिलाएं मंगलवार को बड़ी संख्या में रायसेन कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचीं. महिलाओं ने आरोप लगाया कि वह कई वर्षों से जिस भूमि पर काबिज होकर खेती किसानी कर अपनी आजीविका चला रही हैं, अब वन विभाग द्वारा उन्हें वहां से हटाया जा रहा है. महिलाओं का कहना है कि उनके परिवारों का गुजर-बसर इसी जमीन पर निर्भर है. अचानक हटाए जाने की कार्रवाई से वे बेहद चिंतित और परेशान हैं. इस संबंध में उन्होंने डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उचित समाधान की मांग की है.

## ग्रामीण प्रतिभाओं को मिल रहा बड़ा मंच : रामपाल

▸ मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**सिलवानी, 25 नवंबर. मंगलवार को आयोजित मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया. इसके बाद मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का औपचारिक आरंभ किया.**

पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण और आंचलिक क्षेत्रों के खिलाड़ियों के लिए अवसरों का बड़ा द्वार खोल रहा है. अब गांवों की प्रतिभाओं को न सिर्फ खेलने का मौका मिलेगा, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा लाखों रुपए तक के पुरस्कार भी जीत सकते हैं. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकते हैं.

उन्होंने युवाओं से खेल भावना बनाए रखते हुए पूरे उत्साह और समर्पण के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आग्रह किया. उन्होंने कहा यह सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं की शारीरिक व मानसिक क्षमता को निखारने वाला महत्वपूर्ण मंच है. जीत-हार से अधिक जरूरी है खेल की भावना और परस्पर सम्मान.

> भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने कहा कि खेल व्यक्ति को शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाते हैं. टीम वर्क, अनुशासन, नेतृत्व और सकारात्मक दृष्टिकोण खेलों की ही देन है. उन्होंने कहा कि महोत्सव युवा पीढ़ी को स्वस्थ रहने और जीवन में ऊर्जावान बने रहने की प्रेरणा देता है. इस दौरान दीपक रघुवंशी, विजय शुक्ला विभोर नायक, हर्षित साहू, लखन चंदेल, संदीप शर्मा, प्रदीप कुशवाहा, जय बाबू जैन, किशोर सिंह शेखावत, शंभू सेन, रघुवीर साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता व अनेक खिलाड़ी उपस्थित रहे.



## बम्होरी में झोलाछाप डॉक्टर का क्लिनिक सील, दवाएं जब्त


**सिलवानी, 25 नवंबर. बम्होरी कस्बा में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक झोलाछाप डॉक्टर के क्लिनिक पर छापामार कार्रवाई करते हुए क्लिनिक को सील कर दवाएं जप्त कीं.**

जांच के दौरान तथाकथित डॉक्टर के पास किसी भी प्रकार की मेडिकल डिग्री, डिप्लोमा या शिक्षा से संबंधित कोई प्रमाण पत्र नहीं मिला. इसी आधार पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की. जानकारी के अनुसार मां काली क्लिनिक के संचालक नंदू मांझी उर्फ पुरनंदू के यहां छापा डाला गया.

जांच में पाया गया कि वह बिना किसी वैध डिग्री के मरीजों का उपचार कर रहा था. टीम को उस समय और भी चौंकाने वाला स्थिति तब मिली जब तथाकथित डॉक्टर नशे की हालत में पाया गया. उसे पुलिस वाहन से सिविल अस्पताल सिलवानी भेजकर उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया. कार्रवाई के दौरान क्लिनिक से दवाएं जप्त कर पंचनामा तैयार किया गया तथा क्लिनिक को सील कर दिया गया.

संयुक्त टीम में नायब तहसीलदार महेन्द्र राजपूत, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. आरएस पटेल, पुष्पेंद्र रघुवंशी, विक्रम खत्री, हेमंत सराठे एवं बम्होरी थाना पुलिस की टीम शामिल रही. इस संबंध में बीएमओ डॉ. आरएस पटेल ने बताया कि वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश पर संयुक्त कार्रवाई की गई. बिना डिग्री इलाज करने पर क्लिनिक को सील किया गया है, दवाएं जप्त की गई हैं तथा संबंधित व्यक्ति का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है.

## सत्संग में मंगल गीतों के साथ मनाया राम विवाह महोत्सव



**उदयपुरा, 25 नवंबर. उदयपुरा नगर के तहसील प्रांगण में स्थित प्रसिद्ध शिव, हनुमान मंदिर पर संत, ग्रंथ, संदेश, मानस यात्रा के पहुंचने पर आयोजक नगर के साहित्यकार एवं वरिष्ठ कवि गोविंद गोदानी द्वारा विद्वानों का तिलक,अक्षत, पुष्प अर्पित कर सम्मान किया.**

इस अवसर पर आयोजित सत्संग सभा में श्री रामचरितमानस विद्यापीठ के राष्ट्रीय आचार्य पंडित सुरेंद्र शास्त्री ने बताया कि शास्त्रों में धर्म नियंत्रित काम की स्वीकृति का नाम विवाह है, सारे देव विभिन्न रूपों में प्रभु श्री राम के विवाह में सम्मिलित हुए हैं, सीता जी की शोभा प्रकृति मिश्रित सुंदरता नहीं है, उनकी शोभा आलौकिक शोभा है, जो सुंदरता को भी सुंदर करती है, वह सीता जी का स्वरूप है आज केवल सजावट हो रही है, सुंदरता नहीं है, धर्माधिकारी राजेंद्र शास्त्री ने बताया कि प्रभु श्री राम का विवाह आत्मा रूपी राम एवं शांति स्वरूपा सीता का मिलन है, इसी को सीता स्वयंवर कहते हैं, संगीताचारय हरिदास रामायणी ने सीता विवाह के सुंदर गीत, हरे बास मंडप छाए, सिया जी को राम विवाहन आए, गाकर सभी को भाव विभोर किया, सतसंग सभा में आशीष शास्त्री, नर्मदा प्रसाद रामायणी, एवं योगेश पांडे ने भी प्रसंग अनुसार कथाओं का श्रवण कराया, कार्यक्रम संचालक अधिवक्ता चतुर नारायण रघुवंशी ने सभी का आभार प्रकट किया, हरि कीर्तन एवं सामूहिक हनुमान चालीसा गायन के साथ मानस ग्रंथ की मंगल आरती में पेंशनर संघ के अध्यक्ष गोपाल वर्मा, जिला पंचायत प्रतिनिधि राम सिंह चंदेल, युवा समाजसेवी तरबर लोधी, मूरत सिंह लोधी, निर्भय सिंह मेहरा, के एल विश्वकर्मा, रामबाबू शर्मा, गौ सेवक आशुतोष शर्मा, राज किशोर कौरव, सुरेंद्र सिंह परमार, नर्मदा प्रसाद रघुवंशी, पार्षद गंगा कहार सहित बड़ी संख्या में मानस प्रेमी जनों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया.



### सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर आशुतोष इमने का सम्मान

**उदयपुरा, 25 नवंबर.** ग्राम घुआरा की बेटी, भारतीय क्रिकेटर एवं वर्ल्ड कप चैंपियन क्रांति गौड़ तथा लायंस क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले (झांसी विरुद्ध सागर) के अवसर पर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर आशुतोष इमने को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, वहीं क्रांति गौड़ और आयोजन समिति ने युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए सम्मान समारोह संपन्न कराया.

## श्री शिव महापुराण कथा 28 नवंबर से

**सिलवानी, 25 नवंबर.** भोपाल मार्ग स्थित सतवरिया धाम में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 28 नवंबर शुक्रवार से 4 दिसंबर गुरुवार 2025 तक किया जा रहा है. कथा का वाचन पं. सत्यम मधुरम महाराज वृंदावन धाम के मुखारविंद से होगा. कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित की जाएगी. अंतिम दिवस 4 दिसंबर गुरुवार को यज्ञ पूर्णाहुति एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा. कार्यक्रम के प्रथम दिवस प्रात: 11 बजे कलश यात्रा कांठिया मंदिर से प्रारंभ होकर सतवरिया धाम कथा स्थल पर पहुंचेगी.



### रजत जयंती समारोह का समापन ▸ सांची विवि में बौद्ध धर्म-दर्शन से संबंधित 80 से अधिक शोधपत्र पढ़े

## किसी भी धर्म का कोई स्कूल नहीं होना चाहिए : थैरो



**सलामतपुर, 25 नवंबर. साँची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की मेज़बानी में आयोजित इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज़ के रजत जयंती समारोह का मंगलवार को समापन हो गया. तीन दिन चले इस आयोजन के विभिन्न सत्रों में बौद्ध धर्म-दर्शन से संबंधित 80 से अधिक शोधपत्र पढ़े गए.**

समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाबोधि सोसायटी ऑफ श्रीलंका के पूर्व अध्यक्ष वेनेगला उपतिस्स नायका थैरो रहे. उन्होंने कहा कि किसी बौद्ध विश्वविद्यालय को सांची में स्थापित कराने की संकल्पना उनकी थी जिसे उन्होंने तत्कालीन मध्य प्रदेश सरकार के समक्ष रखा था और सांची विश्वविद्यालय की स्थापना 2012 में श्रीलंका के राष्ट्रपति के हाथों हुई. उन्होंने का कि वह सांची विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय बनाए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे. और इसके लिए उन्होंने एक पत्र भी लिखा है.

सांची विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ ने कहा कि अगर सांची विश्वविद्यालय अपने अंतरराष्ट्रीय स्वरूप में आ जाएगा तो पूरे विश्व से बौद्ध और वैदिक अध्ययन के विद्यार्थी, शोधार्थी अपने उच्च शिक्षा के लिए यहां आ सकेंगे. विश्वविद्यालय ने तय किया है कि अगले वर्ष होने वाले अपने प्रथम दीक्षांत समारोह में वेनेगला उपतिस्स नायका थैरो को मानद उपाधि भी प्रदान करेगा.

थैरो ने कहा कि मैंने बुद्ध की शिक्षाओं के माध्यम से भारत में ही सीखा कि हम सब इंसान हैं. सबको देखो और मुस्कुरा दो. थोड़ा सिर झुका दो तो पूरा विश्व अपने साथ हो जाएगा. उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म का कोई स्कूल नहीं होना चाहिए.

> आई.एस.बी.एस के अध्यक्ष प्रो. एस.पी शर्मा ने शोधार्थियों और छात्रों से कहा कि अकादमिक जगत में भाषा साहित्यिक अर्थात शिष्ट भाषा होनी चाहिए. उसमें पारिभाषिक शब्दावली का प्रयोग होना चाहिए. आई.एस.बी.एस रजत जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम में आई.एस.बी.एस की सचिव प्रो. शास्वती मुतसुद्दी ने अकादमिक समारोह से जुड़ी रिपोर्ट पेश की. उपकुलसचिव विवेक पाण्डेय ने सभी का आभार व्यक्त किया.


**कार्यालय प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस**
**स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, रायसेन ( म.प्र. )**
**Accredited by NAAC with "B" Grade**
**Email: hegsvcrai@mp.gov.in, Phone & Fax: 07482-222373**

क्रमांक /2931 /सविशाम/स्था./2025 रायसेन, दिनांक 25.11.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय रायसेन म.प्र. के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु योजना क्रमांक 1438 के अन्तर्गत हार्डवेयर /सॉफ्टवेयर (डेस्कटॉप कम्प्यूटर, यूपीएस, इंनवर्टर विथ बेट्री) का क्रय हेतु जेम पोर्टल पर निविदा आमंत्रित की गई है. निविदा की शर्तें एवं विस्तृत विवरण जेम पोर्टल (https://gem.gov.in) से प्राप्त की जा सकती है.

| क्र. | निविदा क्रमांक | प्रकाशन एवं प्रारंभ तिथि | समाप्ति दिनांक | निविदा शर्तें |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Bid No.GEM/ 2025/B/6925875 | 24.11.25 | 16.12.25 | Available on GEM Portal |
| 2. | Bid No.GEM/ 2025/B/6926138 | 24.11.25 | 16.12.25 | |

प्राचार्य